Adda247 GET IT ON Google Play

# JPSC JET Hindi Question Paper Held on 26 April 2026

**PAPER – II**
**पेपर-II**

51. निम्नलिखित में कौन सा युग्म संगत है?
(A) रसज्ञ रंजन - महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) रस मीमांसा - राममूर्ति त्रिपाठी
(C) रस सिद्धांत - आनंद प्रकाश दीक्षित
(D) रस विमर्श - रामचंद्र शुक्ल

52. गउडबहो किसकी रचना है?
(A) वाक्पतिराज
(B) वररुचि
(C) हेमचन्द्र
(D) रोडाकवि

53. "पुनर्मूल्यांकन यदि आलोचना का प्रमुख कार्य है तो रामविलास शर्मा निश्चय ही हिन्दी के प्रमुख आलोचक है" यह कथन है
(A) डॉ. नगेंद्र
(B) शिवदान सिंह चौहान
(C) केदारनाथ अग्रवाल
(D) अज्ञेय

54. निम्नलिखित में कौन सा युग्म असंगत है?

| | पात्र | | उपन्यास |
|---|---|---|---|
| (A) | पुरुषोत्तम | : | झूठा-सच |
| (B) | बावनदास | : | बाणभट्ट की आत्म कथा |
| (C) | सुखदेई | : | देवरानी- जेठानी |
| (D) | लाला मदन मोहन | : | परीक्षा गुरु |

55. "वाक्यं रसात्मक काव्यम्" यह उक्ति किस आचार्य की है?
(A) भोजराज
(B) विश्वनाथ
(C) जगन्नाथ
(D) मम्मट

56. 'काव्यालंकार सूत्र' ग्रन्थ की रचना किस आचार्य ने की है?
(A) भामह
(B) कुंतक
(C) वामन
(D) दण्डी

57. निम्नलिखित में कौन सा युग्म असंगत है ?
(A) कोई दूसरा नहीं – कुँवर नारायण
(B) नए इलाके में – अरुण कमल
(C) हवा में हस्ताक्षर – कैलाश वाजपेयी
(D) अपूर्वा – केदारनाथ सिंह

58. प्रयोगवाद के संबंध में कौन सा कथन असंगत है ?
(A) यह व्यक्ति अनुभूति और समष्टि अनुभूति को एक ही सत्य के दो रूप मानता है
(B) यह मानता है कि विषयवस्तु की नवीनता ही उसके शिल्प को नया आकार देने के लिए बाध्य करेगी
(C) इसका मंतव्य समस्त परम्पराओं का खण्डन करके नये तत्वों का अन्वेषण करना है
(D) यह मानना है कि बौद्धिकता को काव्यानुभूति से पृथक करके नहीं देखा जा सकता

59. निम्नलिखित में कौन सा युग्म असंगत है?

| | कहानी | प्रकाशन वर्ष |
|---|---|---|
| (A) | राजा निरबंसिया | 1957 |
| (B) | परिंदे | 1963 |
| (C) | एक और जिंदगी | 1961 |
| (D) | कोसी का घटवार | 1958 |

60. 'झाकियां निकलती हैं ढोंग अविश्वास की बदबू आती है मरी हुई बात की इस हवा में अब नहीं डोलूँगा नहीं, नहीं, मैं यह खिड़की नहीं खोलूँगा।' यह पंक्ति किसकी है ?
(A) नरेश मेहता
(B) भारत भूषण
(C) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(D) केदारनाथ अग्रवाल

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

61. प्रकाशन काल की दृष्टि से सही अनुक्रम कौनसा है -
(A) पंचवटी, साकेत, भारत भारती, झंकार
(B) झंकार, साकेत, पंचवटी, भारत भारती
(C) भारत भारती, पंचवटी, झंकार, साकेत
(D) साकेत, झंकार, पंचवटी, भारत भारती

62. रसानुभूति के लिए सर्वप्रथम हृदय की मुक्तावस्था की अनिवार्यता किसने घोषित की ?
(A) भटलोल्लट
(B) शंकुक
(C) भट्टनायक
(D) अभिनवगुप्त

63. 'साधारणीकरण' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया ?
(A) शंकुक
(B) अभिनवगुप्त
(C) भट्टनायक
(D) भट्टलोल्लाट

64. रीतिकालीन काव्य में 'नायिका-भेद' की अधिकता किस मानसिकता को दर्शाती है?
(A) राष्ट्रीय चेतना
(B) भक्ति चेतना
(C) सौंदर्यशास्त्रीय रूढ़ि और दरबारी संस्कृति
(D) सामाजिक यथार्थवाद

65. 'एस्थेटिक एज द साइंस ऑफ़ एक्सप्रेशन एंड जनरल लिंगविस्टिक' ग्रन्थ किसका है?
(A) देरिदा
(B) अरस्तु
(C) आर ए रिचर्ड्स
(D) क्रोचे

66. निम्नलिखित में कौन सा युग्म असंगत है ?

| | रचना | | रचनाकार |
|---|---|---|---|
| (A) | पेरिहुप्सुस | - | लोंजाइनस |
| (B) | रिपब्लिक | - | अरस्तु |
| (C) | चर्च एंड स्टेट | - | कॉलरिज |
| (D) | द सेक्रेड वुड | - | इलियट |

67. 'मुक्ति मिल जाती है सब को कभी न कभी वह जो बन्धुघाती है हत्या जो करता है माता की, प्रिय की, बालक की, स्त्री की, किंतु आत्मघाती भटकता है अंधियारे लोकों में सदा सदा के लिए बनकर प्रेत। 'अंधायुग नाटक में कथन हैं? सही विकल्प चुनिए
(A) युधिष्ठिर
(B) विदुर
(C) कृपाचार्य
(D) गांधारी

68. 'हिंदू मग पर पांव न राखेउ। का जौ बहुतै हिंदी भाखेउ'किसकी पंक्ति हैं?
(A) कुतुबन
(B) आमिर ख़ुसरो
(C) नूर मुहम्मद
(D) मंझन

69. निम्नलिखित में से कौनसी रचना घनानंद की नहीं हैं?
(A) इश्कलता
(B) इश्कनामा
(C) वियोगबेली
(D) प्रकीर्णक छंद

70. निम्नलिखित में से कौनसी रचना महादेवी वर्मा की नहीं है ?
(A) नीहार
(B) गुंजन
(C) रश्मि
(D) सांध्यगीत

71. 'मेरे विचार से तो सन्धा भाषा का सीधा – सादा अर्थ यही है कि वह भाषा जो अपभ्रंश के संध्याकाल या समाप्त होने वाले काल में लिखी गई' सिद्धों की सन्धा भाषा विषयक यह कथन किसका हैं?
(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(B) रामकुमार वर्मा
(C) गणपतिचंद्र गुप्त
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

Adda247 GET IT ON Google Play

72. 'विजयिनी विजय वैजयंती' किसकी रचना है?
(A) प्रेमघन
(B) प्रतापनारायण मिश्र
(C) भारतेंदु
(D) राधाकृष्ण दास

73. कामायनी के दर्शन का केंद्रीय आधार है-
(A) बौद्ध दर्शन
(B) वेदान्त दर्शन
(C) प्रत्यभिज्ञा दर्शन
(D) सांख्य दर्शन

74. 'सूफी मत में ईश्वर की भावना स्त्री रूप में की गई है' यह कथन है-
(A) डॉ. राम कुमार वर्मा
(B) डॉ. नगेन्द्र
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) रामचन्द्र शुक्ल

75. 'लगता है दिमाग में एक जंगल उभर आया है। कुछ ऐसा है जो गहरे सूनेपन के अंदर से भी एक अर्थ का आभास देता रहता है।' कथन हैं?
(A) आधे- अधूरे -मोहन राकेश
(B) शेखर एक जीवनी (भाग प्रथम) - अज्ञेय
(C) महाभोज - मन्नू भंडारी
(D) गोदान – प्रेमचंद्र

76. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (**Assertion A**) के रूप में है तो दूसरा उसके कारण (**Reason R**) के रूप में:
**अभिकथन (A):** प्रगतिवाद सामाजिक यथार्थवाद के नाम पर चलाया गया एक सामाजिक आंदोलन था।
**कारण (R):** वर्ग- संघर्ष की साम्यवादी विचारधारा और उस संदर्भ में नए मानव नए हीरो की कल्पना इसका उद्देश्य था।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं हैं।
(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

77. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (**Assertion A**) के रूप में है तो दूसरा उसके कारण (**Reason R**) के रूप में:
**अभिकथन (A) :** आधुनिक काल में साहित्य सामाजिक परिवर्तन का उपकरण बना।
**कारण (R) :** इस काल में पत्रकारिता, नाटक और गद्य विधाओं का विकास हुआ।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं हैं।
(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

78. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (**Assertion A**) के रूप में है तो दूसरा उसके कारण (**Reason R**) के रूप में:
**अभिकथन (A) :** निराला की अधिकांश कविताओं की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीयता का रंग विद्यमान है।
**कारण (R) :** जागो फिर एक बार कविता का मूल स्वर प्रगतिवाद है।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं हैं।
(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

Adda247 GET IT ON Google Play

79. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (**Assertion A**) के रूप में है तो दूसरा उसके कारण (**Reason R**) के रूप में:

**अभिकथन (A) :** औदात्य का मूल संबंध विचार से है। यह बात लोंजाइनस ने अपने ग्रन्थ ऑन द सब्लाइम में व्यक्त की है

**कारण (R) :** विखंडनवाद और उत्तर आधुनिकता भी औदात्य का समर्थन करते हैं।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है ।
(B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं हैं ।
(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है ।
(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

80. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (**Assertion A**) के रूप में है तो दूसरा उसके कारण (**Reason R**) के रूप में:

**अभिकथन (A) :** रस ब्रह्मानंद सहोदर है, ब्रह्मानंद नहीं ।

**कारण (R) :** रसानुभूति की स्थिति में सामाजिक को अन्य वेद्य विषयों का ज्ञान नहीं रहता किंतु यह स्थिति समाप्त होते ही वह पुनः पूर्वदशा में लौट आता है जबकि ब्रहानंद को प्राप्त योगी पूर्वदशा में नहीं लौटता ।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है ।
(B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं हैं ।
(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है ।
(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

81. प्रथम प्रकाशन वर्ष के अनुसार हिन्दी साहित्य के इतिहासकारों के निम्नांकित इतिहास ग्रंथों को पहले से बाद के क्रम में लगाइए-

a. रामकुमार वर्मा : हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास
b. गणपति चंद्रगुप्त : हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास
c. जार्ज ग्रियर्सन : द मॉर्डन वर्नाक्यूलर ऑफ़ हिन्दुस्तान
d. सुमन राजे : हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास
e. शिवदान सिंह चौहान : हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) c a b e d
(B) a e b d c
(C) c a e b d
(D) c b a e d

82. जन्मवर्ष के अनुसार निम्नलिखित निबंधकारों को पहले से बाद के क्रम में लगाइए।

a. हजारी प्रसाद द्विवेदी
b. रामचंद्र शुक्ल
c. बाल कृष्ण भट्ट
d. विवेकी राय
e. नामवर सिंह

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

(A) c b a e d
(B) b c a d e
(C) c a b d e
(D) c b a d e

83. जन्मवर्ष के अनुसार अष्टछाप कवियों का क्रम बताइए

a. कृष्णदास
b. चतुर्भुजदास
c. सूरदास
d. नन्ददास

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) d c b a
(B) c b d a
(C) a c b d
(D) c a b d

Adda247
GET IT ON Google Play

84. राहुल सांकृत्यायन की रचनाओं का सही क्रम बताइए
a. मेरी तिब्बत यात्रा
b. मेरी लद्दाख यात्रा
c. किन्नर देश में
d. एशिया के दुर्गम भूखड़
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) a c d b
(B) a b c d
(C) c b a d
(D) c a b d

85. निम्नलिखित धाराओं को सामाजिक चेतना के विकास क्रम में व्यवस्थित कीजिए
a. धार्मिक समन्वय
b. वीर-प्रशस्ति
c. राष्ट्रवादी चेतना
d. अलंकारिक सौंदर्य-चेतना
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) b a d c
(B) a d c b
(C) d c b a
(D) c b a d

86. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
a. कबीर का भाषा-विन्यास बहुभाषिक है।
b. तुलसीदास ने लोक और शास्त्र का समन्वय किया।
c. सूरदास की काव्य-दृष्टि पूर्णतः लौकिक है।
d. जायसी का काव्य रूपकात्मक संरचना लिए हुए है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल a, b और d
(B) केवल a और c
(C) केवल b और c
(D) a, b, c और d

87. निम्न कथनों में अधिक समीचीन हैं-
a. छायावाद ने काव्य में 'मैं' की प्रतिष्ठा की।
b. छायावाद में प्रकृति वस्तुनिष्ठ रूप में चित्रित है।
c. छायावाद में रहस्यवाद और प्रतीकात्मकता का मेल है।
d. छायावाद पूरी तरह सामाजिक यथार्थ से विमुख है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल a और d
(B) केवल a और c
(C) केवल b और d
(D) a, b और c

88. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
a. प्रगतिवाद ने वर्ग-संघर्ष को साहित्यिक विमर्श बनाया।
b. प्रयोगवाद ने भाषा के स्तर पर नवीनता दी।
c. नई कविता ने प्रतीकवाद का पूर्ण परित्याग किया।
d. नई कहानी ने अस्तित्वगत संकट को अभिव्यक्ति दी।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल a, b और d
(B) केवल a और c
(C) केवल b और c
(D) a, b, c और d

89. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
a. 'नई कहानी' में बाह्य घटना से अधिक आंतरिक अनुभूति पर बल है।
b. नई कहानी में कथानक का विघटन एक प्रमुख शिल्पगत प्रवृत्ति है।
c. नई कहानी पूरी तरह ग्रामीण जीवन पर आधारित है।
d. इसमें अस्तित्ववादी प्रभाव देखा जा सकता है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल a, b और d
(B) केवल a और c
(C) केवल b और c
(D) a, b, c और d

90. द्विवेदी युग के सम्बन्ध में समीचीन कथन हैं-
a. खड़ी बोली और हिंदी का परिष्कार
b. प्रबल राष्ट्रीयता और देश भक्ति
c. नैतिकता और आदर्शवाद
d. भाषाई प्रयोगशीलता
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल a, b और c
(B) केवल a और c
(C) केवल b और c
(D) a, b, c और d

Adda247
GET IT ON Google Play

91. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | ध्वनि सिद्धांत | i. | वामन |
| b. | औचित्य सिद्धांत | ii. | आनंदवर्द्धन |
| c. | रीति सिद्धांत | iii. | कुंतक |
| d. | वक्रोक्ति सिद्धांत | iv. | क्षेमेंद्र |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-ii b-iv c-i d-iii

(B) a-ii b-iii c-i d-iv

(C) a-i b-iv c-ii d-iii

(D) a-iv b-i c-ii d-iii

92. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | मृगावती | i. | उसमान |
| b. | सत्यवती | ii. | असाइत |
| c. | हंसावली | iii. | ईश्वरदास |
| d. | चन्दायन | iv. | मुल्ला दाऊद |
| | | v. | कुतुबन |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-ii b-iv c-i d-iii

(B) a-v b-iii c-ii d-iv

(C) a-i b-iv c-ii d-iii

(D) a-iv b-i c-ii d-iii

93. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | अरस्तु | i. | अभिव्यंजनावाद |
| b. | आई ए रिचर्ड्स | ii. | कल्पना |
| c. | कॉलरिज | iii. | निर्वैयक्तिकता का सिद्धांत |
| d. | इलियट | iv. | संप्रेषण सिद्धांत |
| | | v. | अनुकरण सिद्धांत |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-ii b-iv c-i d-iii

(B) a-v b-iii c-ii d-iv

(C) a-i b-iv c-ii d-iii

(D) a-v b-iv c-ii d-iii

94. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | द्वैतवाद | i. | रामानुजाचार्य |
| b. | शुद्धद्वैतवाद | ii. | वल्लभाचार्य |
| c. | द्वैताद्वैतवाद | iii. | निम्बार्काचार्य |
| d. | विशिष्टाद्वैतवाद | iv. | मध्वाचार्य |
| | | v. | शंकराचार्य |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-ii b-iv c-i d-iii

(B) a-ii b-iii c-i d-iv

(C) a-iv b-ii c-iii d-i

(D) a-iv b-i c-ii d-iii

95. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | रामविलास शर्मा | i. | तार सप्तक |
| b. | धर्मवीर भारती | ii. | दूसरा सप्तक |
| c. | नंदकिशोर आचार्य | iii. | तीसरा सप्तक |
| d. | विजयदेव नारायण साही | iv. | चौथा सप्तक |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-ii b-iv c-i d-iii

(B) a-i b-ii c-iv d-iii

(C) a-i b-ii c-iii d-iv

(D) a-i b-iv c-ii d-iii

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए व प्रश्न 96 -100 के उत्तर दीजिए:**

हिंदी साहित्य में दलित साहित्य बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में एक सशक्त वैचारिक और सृजनात्मक आंदोलन के रूप में उभरा। यह केवल साहित्यिक प्रवृत्ति नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय समानता के लिए चलाया गया सांस्कृतिक संघर्ष है। सदियों से जाति-आधारित व्यवस्था में उपेक्षित, शोषित और बहिष्कृत रहे समुदायों की पीड़ा, अपमान, संघर्ष और आत्मसम्मान की आकांक्षा को जब स्वयं दलित रचनाकारों ने अभिव्यक्ति दी, तब हिंदी साहित्य में एक नई चेतना का संचार हुआ।

दलित साहित्य का मूल उद्देश्य केवल करुणा उत्पन्न करना नहीं है, बल्कि उस ऐतिहासिक अन्याय की संरचनात्मक समीक्षा करना है, जिसने सामाजिक विषमता को स्थायी रूप दे दिया। यह साहित्य वर्ण-व्यवस्था, अस्पृश्यता, सामाजिक असमानता और सांस्कृतिक वर्चस्ववाद के विरुद्ध प्रतिरोध का स्वर है। इसमें आक्रोश, विद्रोह और आत्मसम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

दलित साहित्य की एक केंद्रीय अवधारणा 'अनुभव की प्रामाणिकता' है। इसका आशय यह है कि दलित जीवन की वास्तविक पीड़ा, दमन और संघर्ष को वही लेखक सजीवता और सच्चाई के साथ प्रस्तुत कर सकता है, जिसने उन परिस्थितियों को स्वयं जिया हो। इसीलिए आत्मकथा इस साहित्य की प्रमुख विधा बनकर उभरी। आत्मकथाएँ केवल व्यक्तिगत जीवन-कथा नहीं, बल्कि सामूहिक दलित अनुभव का दस्तावेज बन जाती हैं।

दलित साहित्य की वैचारिक पृष्ठभूमि में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों का गहरा प्रभाव देखा जाता है, जिन्होंने शिक्षा, संगठन और संघर्ष को मुक्ति का मार्ग बताया।

दलित साहित्य की भाषा भी विशिष्ट है। यह अलंकारिक और आडंबरपूर्ण भाषा के स्थान पर सीधे, तीखे और यथार्थवादी शब्दों का प्रयोग करता है। इसमें लोकभाषा, मुहावरे और जीवन की कठोर सच्चाइयाँ बिना किसी संकोच के व्यक्त होती हैं। यह साहित्य साहित्यिक सौंदर्य की परंपरागत कसौटियों को चुनौती देता है और मानवीय गरिमा को केंद्र में रखता है।

इस प्रकार दलित साहित्य केवल एक साहित्यिक धारा नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, आत्मसम्मान और समानता के संघर्ष का सशक्त दस्तावेज है, जिसने हिंदी साहित्य की दिशा और दृष्टि दोनों को व्यापक बनाया है।

**96.** गद्यांश के अनुसार दलित साहित्य का मूल स्वर क्या है ?

(A) करुणा और रहस्यवाद
(B) सामाजिक न्याय और प्रतिरोध
(C) श्रृंगार और अलंकार
(D) आध्यात्मिक मोक्ष

**97.** 'अनुभव की प्रामाणिकता' की अवधारणा किस पर बल देती है?

(A) कल्पना की स्वतंत्रता
(B) शास्त्रीय अनुकरण
(C) भोगे हुए यथार्थ की अभिव्यक्ति
(D) भाषिक शुद्धता

**98.** दलित साहित्य की आत्मकथाओं का महत्व किस कारण है ?

(A) वे मनोरंजक होती हैं
(B) वे व्यक्तिगत जीवन तक सीमित रहती हैं
(C) वे सामूहिक दलित अनुभव का दस्तावेज बनती हैं
(D) वे पौराणिक आख्यान प्रस्तुत करती हैं

**99.** दलित साहित्य की वैचारिक पृष्ठभूमि पर किसका प्रभाव माना जाता है?

(A) डॉ. भीमराव अम्बेडकर
(B) महात्मा गांधी
(C) रामधारी सिंह दिनकर
(D) प्रेमचंद

**100.** दलित साहित्य में प्रमुख रूप से कौन-सी चेतना व्यक्त होती है?

(A) रहस्यवाद
(B) राष्ट्रवाद
(C) अस्मिता और आत्मसम्मान
(D) प्रकृतिवाद

Adda247 GET IT ON Google Play

101. 'अच्छी हिन्दी' पुस्तक के लेखक का नाम है?
(A) रामचंद्र वर्मा
(B) शिव पूजन सहाय
(C) हरदेव बाहरी
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

102. खड़ी बोली हिन्दी का प्रयोग सर्वप्रथम किस पुस्तक में हुआ ?
(A) सुख सागर
(B) प्रेम सागर
(C) ज्ञान प्रकाश
(D) प्रेम सतसई

103. पुरानी हिन्दी नामकरण किसने किया ?
(A) डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी
(B) चंद्रधर शर्मा गुलेरी
(C) डॉ. रामकुमार वर्मा
(D) राहुल सांकृत्यायन

104. पश्चिमी हिन्दी का विकास अपभ्रंश के किस रूप से हुआ ?
(A) मागधी अपभ्रंश
(B) अर्धमागधी अपभ्रंश
(C) पैशाची अपभ्रंश
(D) शौरसेनी अपभ्रंश

105. अपभ्रंश का सर्वाधिक लोकप्रिय छन्द है -
(A) चौपाई
(B) दोहा
(C) छप्पय
(D) रोला

106. ब्रजभाषा का पूर्वी रूप है -
(A) कन्नौजी
(B) बुंदेली
(C) अंतर्वेदी
(D) ग्वालेरी

107. संविधान के अनुच्छेद 350 (क) में किसका उल्लेख हुआ है ?
(A) राज भाषा आयोग का गठन
(B) हिंदी की व्यापकता हेतु राजकीय प्रयत्न
(C) एक विशेष पदाधिकारी की नियुक्ति
(D) प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधाएँ

108. संविधान के किस अनुच्छेद में संसद के कार्य हिंदी या अंग्रेजी में किया जायेगा तथा लोक सभा का अध्यक्ष तथा राज्य का सभापति के अनुमति से अपने मातृभाषा में अपने विचार प्रकट कर सकता है ?
(A) अनुच्छेद – 210
(B) अनुच्छेद – 120
(C) अनुच्छेद – 345
(D) अनुच्छेद – 350

109. स्वनिम का अर्थ है
(A) वर्ण
(B) अक्षर
(C) ध्वनि
(D) शब्द

110. भारतेंदु के अनुसार हिन्दी नई चाल में कब ढली ?
(A) 1857
(B) 1865
(C) 1873
(D) 1900

111. 'प्राकृत प्रकाश' किसकी रचना है?
(A) हेमचन्द्र
(B) वररुचि
(C) पुष्पदंत
(D) ज्योतिरीश्वर ठाकुर

112. 'बुद्धिप्रकाश' समाचार पत्र के संपादक कौन है?
(A) मुंशी सदासुख लाल
(B) लल्लू लाल
(C) सदल मिश्र
(D) राजा लक्ष्मण सिंह

Adda247 GET IT ON Google Play

113. तुलसीदास की काव्य पंक्ति 'अति कटु बचन कहति कैकई । मानहुँ लोन जरे पर देई ।। इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?
(A) उत्प्रेक्षा
(B) रूपक
(C) यमक
(D) श्लेष

114. भारतेंदु की कविता की सबसे बड़ी विशेषता है -
(A) ब्रज और खड़ी बोली दोनों में काव्य रचना
(B) प्राचीन और नवीन का समन्वय
(C) व्यंग्य द्वारा अंग्रेजी शासन की निंदा
(D) सांप्रदायिक कट्टरता का अभाव

115. 'कविता कलाप' किसकी रचना है?
(A) श्रीधर पाठक
(B) श्याम नारायण पांडे
(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(D) भारतेंदु हरिश्चंद्र

116. दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा 'चेन्नई' के संस्थापक थे-
(A) महात्मा गाँधी
(B) मोटुरि सत्यानारायण
(C) दयानन्द सरस्वती
(D) राजाराम मोहन राय

117. 'नागरी लिपि सुधार समिति' के संयोजक थे-
(A) आचार्य नरेन्द्रदेव
(B) काका कालेलकर
(C) श्याम सुन्दर दास
(D) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

118. निम्नलिखित में से कौनसी रचना रघुवीर सहाय की नहीं है ?
(A) सीढ़ियों पर धूप में
(B) आत्महत्या के विरुद्ध
(C) एक सूनी नाव
(D) हँसो जल्दी हँसो

119. 'वृद्ध जग को क्यों अखरती है क्षणिक मेरी जवानी' यह पंक्ति किसकी है?
(A) हरिवंश राय बच्चन
(B) रामधारी सिंह दिनकर
(C) केदारनाथ सिंह
(D) रामदरश मिश्र

120. 'आधुनिक काव्य की आलोचना की कसौटी न तो रस अलंकार है और न चरित्र चित्रण बल्कि उसमें प्रयुक्त बिम्ब है।' यह कथन किसका है?
(A) केदारनाथ सिंह
(B) अज्ञेय
(C) नामवर सिंह
(D) रामविलास शर्मा

121. गोदान में आधुनिकता का सबसे सशक्त संकेत कौन-सा है ?
(A) ग्रामीण जीवन
(B) पूँजीवादी शोषण
(C) स्त्री चेतना
(D) धार्मिक संघर्ष

122. हिंदी का प्रथम संस्मरण कौन सा है ?
(A) हमारे आराध्य
(B) भूले हुए चेहरे
(C) पद्मपराग
(D) वे दिन वे लोग

123. उत्तर-आधुनिक आलोचना में 'पाठ की मृत्यु' का आशय है-
(A) लेखक का अंत
(B) अर्थ की बहुलता
(C) परंपरा का अंत
(D) भाषा का अंत

Adda247 GET IT ON Google Play

124. काव्य मीमांसा (राजशेखर) का प्रतिपाद्य है
(A) रस निरूपण
(B) काव्य हेतु
(C) रीति विवेचन
(D) कवि शिक्षा

125. 'सौंदर्य की वस्तुगत सत्ता होती है, इसलिए शुद्ध सौंदर्य नाम की कोई चीज नहीं होती' किसका कथन है?
(A) रामविलास शर्मा
(B) रामचंद्र शुक्ल
(C) नंददुलारे वाजपेयी
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

126. 'क्या हिन्दी नाम की कोई भाषा ही नहीं' इस निबंध के लेखक कौन है?
(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) भारतेंद हरिश्चंद्र
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) प्रताप नारायण मिश्र

127. 'कहाँ जाऊ/हर दिशा में/मृत्यु से भी बहुत आगे की अपरिमित दूरियाँ हैं।' कविता की ये पंक्तियाँ किस कवि की है?
(A) कुंवर नारायण
(B) विजय देव नारायण साही
(C) रघुवीर सहाय
(D) राम विलास शर्मा

128. 'शुद्ध कविता की खोज' काव्य संग्रह है -
(A) मुक्तिबोध
(B) दिनकर
(C) अज्ञेय
(D) शमशेर बहादुर

129. निम्नलिखित में से अलंकारवादी आचार्य नहीं है ?
(A) भामह
(B) दंडी
(C) रुद्रट
(D) वामन

130. अरस्तु के विरेचन सिद्धांत की तुलना किसके सिद्धांत से की जा सकती है?
(A) क्रोचे के अभिव्यंजना
(B) भट्ट लोल्लट के उत्पतिवाद
(C) अभिनव गुप्त के अभिव्यक्तिवाद
(D) शंकुक के अनुमतिवाद

131. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित रचनाओं पर विचार कीजिए -
(A) बकरी, सिंदूर की होली, अंजो दीदी, एक और द्रोणाचार्य
(B) सिंदूर की होली, एक और द्रोणाचार्य, अंजो दीदी, बकरी
(C) सिंदूर की होली, अंजो दीदी, बकरी, एक और द्रोणाचार्य
(D) अंजो दीदी, सिंदूर की होली, बकरी, एक और द्रोणाचार्य

132. 'आवारा मसीहा' जीवनी किसके जीवन पर आधारित है?
(A) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(B) रविन्द्रनाथ टैगोर
(C) शरतचंद्र चटोपाध्याय
(D) देवकीनंदन खत्री

133. जन्मवर्ष के अनुसार लेखकों का सही युग्म सुमेलित हैं

| लेखक | जन्म वर्ष |
|---|---|
| a. मुक्तिबोध - | 1917 |
| b. दिनकर - | 1910 |
| c. महादेवी वर्मा - | 1905 |
| d. अज्ञेय - | 1911 |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।
(A) a और d
(B) b और c
(C) b और d
(D) a और c

134. 'विद्रोही बनते नहीं उत्पन्न होते हैं' यह किस उपन्यास का वाक्य है?

(A) गोदान

(B) बाणभट्ट की आत्मकथा

(C) शेखर एक जीवनी

(D) तमस

135. 'अच्छी कहानी, कहानीकार और पाठक के अनुभव की साझेदारी है'। यह कथन किस का है?

(A) मोहन राकेश का

(B) कमलेश्वर का

(C) राजेन्द्र यादव का

(D) निर्मल वर्मा का

136. 'बादल राग' कविता निराला के किस काव्य संग्रह में संकलित है?

(A) परिमल

(B) बेला

(C) गीतिका

(D) कुकुरमुत्ता

137. राय साहब के यहाँ आयोजित दशहरा उत्सव में जो नाटक खेला गया उसमें होरी ने किस पात्र का अभिनय किया ?

(A) जनक का माली

(B) विश्वामित्र

(C) पठान

(D) हनुमान

138. रामधारी सिंह दिनकर की रचना नहीं है -

(A) उर्वशी

(B) आत्मा की आँखें

(C) शक्ति और क्षमा

(D) युग का मोल

139. रीतिकाल के रीति-निरूपक ग्रंथों पर किस शैली का प्रभाव नहीं है?

(A) रस मंजरी की नायिका भेद शैली

(B) बहुधा कठोर और श्रुति कटु शब्दों से प्रयुक्त भाषा शैली

(C) चंद्रलोक की संक्षिप्त अलंकार निरूपण शैली

(D) काव्य प्रकाश की काव्यांग निरूपण शैली

140. हिन्दी सूफी काव्य के संदर्भ में कौनसा कथन गलत है ?

(A) काव्यत्व की दृष्टि से इनकी कथावस्तु में स्वाभाविकता की अपेक्षा वैचित्र्य की ही प्रमुखता है

(B) सूफी काव्य में वर्णित कथानक रूढ़ियों का मूल स्रोत अरबी फ़ारसी का साहित्य

(C) सूफी काव्य में ऐतिहासिक या अर्ध ऐतिहासिक कथानकों में ऐतिहासिक को सुरक्षित रखने की भावना का अभाव है।

(D) किसी भी प्रेमाख्यान को शुद्ध पौराणिक या शुद्ध ऐतिहासिक नहीं कहा जा सकता

141. 'आवत जात पनहियां टूटी बिसरि गयो हरि नाम' उक्त पंक्ति किस कवि की है?

(A) कुंभनदास

(B) नंददास

(C) सूरदास

(D) चतुर्भुजदास

142. 'हिंदी को ऊँची से ऊँची शिक्षा का माध्यम होना चाहिए' कथन किसका है?

(A) डॉ. आंबेडकर

(B) पंडित जवाहरलाल नेहरु

(C) महात्मा गाँधी

(D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

143. नई कहानी की विशेष उपलब्धि किस क्षेत्र में नहीं रही ?

(A) व्यक्ति के अकेलेपन के चित्रण

(B) राजनीतिक मोहभंग के चित्रण में

(C) बदलते सामाजिक पारिवारिक रिश्तों के चित्रण में

(D) नई कहानी आजादी के पहले की पृष्ठभूमि पर आधारित है

Adda247
GET IT ON Google Play

144. सघन कुंज छाया सुखद, सीतल मंद समीर। यह पंक्ति किस कवि की है ?

(A) भूषण

(B) बिहारी

(C) मतिराम

(D) चिंतामणि

145. निम्नलिखित में से कौन -सा युग्म असंगत है ?

| | रचनाकार | रचना |
|---|---|---|
| (A) | भूषण | शिवा बावनी |
| (B) | मतिराम | फूल मंजरी |
| (C) | घनानंद | रस प्रबोध |
| (D) | देव | काव्य रसायन |

146. रीतिकाल को श्रृंगार काल किसने कहा हैं ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) मिश्र बन्धु

(C) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(D) रमाशंकर शुक्ल 'रसाल'

147. 'बिहारी की रस व्यंजना का पूर्ण वैभव उनके अनुभवों के विधान में दिखाई पड़ता है।' बिहारी के संदर्भ में किस विद्वान का मत है?

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(C) आचार्य विश्वनाथ त्रिपाठी

(D) डॉ. नगेन्द्र

148. 'ये साक्षात रसमूर्ति और ब्रजभाषा काव्य के प्रधान स्तंभों में हैं आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने किस के बारे में लिखा है?

(A) बिहारी

(B) रसखान

(C) सेनापति

(D) घनानंद

149. निम्नलिखित में से कौनसा काव्यांग निरूपक ग्रन्थ नहीं है ?

(A) रस रहस्य

(B) कवि कुल कल्पतरू

(C) काव्य निर्णय

(D) छंदसार

150. सरस्वती और महावीर प्रसाद द्विवेदी के बारे में कौनसा कथन असंगत है ?

(A) द्विवेदी जी स्वीकृत सिद्धांतों के आधार पर हिन्दी को परिमार्जित करने में लगे रहते थे

(B) सन 1903 में महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती पत्रिका के संपादन का दायित्व ग्रहण किया

(C) द्विवेदी जी शिष्य कवियों की रचनाओं में बेखटके कलम चलते थे

(D) सरस्वती में हिन्दी के इतर भाषाओं के अनुवाद छापने की मनाही थी

Adda247